आकाशवाणी श्री विजयपुरम

26.03.2025 समय : 1850

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि सरकार ने एक हजार चार सौ दस गेमिंग साइटों को ब्लॉक कर दिया है।

- मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त नन्दिनी महाराज ने कहा कि ज़िले में जलापूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

- द्वीपसमूह के कम ज्ञात पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए श्री विजयपुरम में सम्मेलन आयोजित ।

- श्री विजयपुरम में अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण और कल्याण अधिनियम दो हजार सात पर शिविर का आयोजन ।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की रिपोर्ट के बाद एक हजार चार सौ दस गेमिंग साइटों को ब्लॉक कर दिया गया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि सट्टेबाजी और जुआ राज्य सूची का हिस्सा हैं और राज्य सरकार के पास इसके लिए विधायी ढांचा बनाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में कई कदम उठाए हैं।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया है कि नियमों को वित्तीय समावेशन को बढाने में अनपेक्षित बाधाएं पैदा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वैध गतिविधियों को दबाया नहीं जाना चाहिए। श्री मल्होत्रा ने कहा कि ग्राहकों के अधिकारों और सुविधाओं के प्रति सजग रहना चाहिए।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त नन्दिनी महाराज ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान मायाबंदर और पोकाडेरा क्षेत्र में पानी की सबसे ज्यादा कमी पाई गई। इस क्षेत्र में जलापूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं।

ज़िला उपायुक्त ने कहा कि अन्य जिन क्षेत्रों में पानी की कमी है, वहां पर भी जलापूर्ति के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के इंडिया टूरिज्म ने अंडमान निकोबार टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के सहयोग से कल ट्रैवल ट्रेड मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में "अंडमान द्वीपसमूह के कम ज्ञात पर्यटन स्थलों" का पता लगाने और पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ के. चंद्रशेखरन और महासचिव मदन लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. के चन्द्रशेखरन ने अंडमान द्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देते हुए अज्ञात पर्यटन स्थलों के बारे में बताया।

इंडिया टूरिज्म के सहायक निदेशक एन वेलमुरुगन और अंडमान निकोबार टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिमसन ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में अंडमान द्वीपसमूह के अनदेखे पर्यटन स्थलों जैसे पक्षी देखने के स्थान, स्टार गेजिंग गतिविधि, साहसिक पर्यटन

गतिविधि, स्थानीय पारंपरिक हस्तशिल्प आदि को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के टुसनाबाद ग्राम पंचायत में जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सहयोग से एल्डरलाइन 14567 पर शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण और कल्याण अधिनियम, दो हजार सात के बारे में भी जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है। एन एच एस सी की परियोजना प्रबंधक सुषमा पांडे ने प्रतिभागियों को हेल्पलाइन के संचालन का अवलोकन कराया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक 14567 पर कॉल करके या वी आई पी रोड स्थित डब्ल्यू सी डी नियंत्रण कक्ष में हेल्पलाइन कार्यालय में जाकर आसानी से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। हेल्पलाइन सूचना, मार्गदर्शन और भावनात्मक जैसे मुद्दों पर सहायता प्रदान करती है। एन एच एस सी के कर्मचारी प्रतिदिन सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक बुजुर्गों की सहायता के लिए उपलब्ध रहते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में "आधुनिक भारत के निर्माता" विषय पर दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी और पाठक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‍घाटन चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने किया। पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों के समृद्ध और विविध संग्रह को प्रदर्शित करने के लिए किया गया था, ताकि छात्रों और कर्मचारियों के बीच किताबे पढ़ने के महत्व को बढ़ावा दिया जा सके। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच. के. शर्मा और सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने पुस्तकों और पुस्तक पढ़ने के महत्व पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ''पुस्तक पढ़ने और पुस्तक समीक्षा लेखन का महत्व'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। समापन समारोह के दौरान भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. के. सी. जोशी ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। इस पुस्तक प्रदर्शनी और पाठक सम्मेलन में शहर के अन्य कॉलेजों से भी बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र–छात्राएँ शामिल हुए।

<><><><><><>

नई दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा गेम्स के सातवें दिन पावर लिफ्टर्स और टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में दिनेश बागड़े ने एलीट एक सौ सात किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि दिव्येश लदानी ने रजत और जोगिंदर सिंह ने कांस्य पदक हासिल किये। एलीट छियासी किलोग्राम वर्ग में अरुणमोली अरुणगिरी ने स्वर्ण, प्रभाबेन शियाल ने रजत और समीम बेन वोहरा ने कांस्य पदक जीता।

<><><><><><>